स्टार्टअप शुरू करने के लिए छात्रों को दी गयी बैंकिंग और वित्तपोषण की जानकारी

शेखपुरा (आससे)। इंजीनियरिंग कॉलेज शेखपुरा में गुरुवार को स्टार्टअप सेल और स्टार्टअप बैंक कनेक्ट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों को अपना व्यवसाय शुरू करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए बैंक से मिलने वाली आर्थिक सहायता की जानक. ारी दी गई। कार्यक्रम में राजकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य बसंत कुमार, उद्योग विस्तार पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सहदेव दास, केनरा बैंक के प्रबंधक राजेश कुमार सिन्हा और स्टार्टअप सेल के प्रभारी प्रो. संदीप कुमार ने छात्रों को संबोधित किया। इस दौरान छात्रों को बताया गया कि किस तरह वे अपने नए आइडिया को व्यवसाय का रूप दे सकते हैं। साथ ही स्टार्टअप शुरू करने के लिए बैंक ऋण, वित्तीय सहायता और क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर स्टार्टअप्स के बारे में भी जानकारी दी गई। तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के पास अपना कारोबार शुरू करने के बेहतर अवसर हैं। इसके लिए जरूरी है कि वे अपने आसपास की समस्याओं और जरूरतों को समझें तथा उसके समाधान से जुड़े नए व्यावसायिक विचार विकसित करें। उन्होंने छात्रों को उद्यम शुरू करने से पहले सही योजना बनाने और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

पर्यटन विकास के बीच रोजगार बचाने की मांग को लेकर सड़क पर उतरे फुटपाथी दुकानदार

राजगीर (नालंदा) (आससे)। पर्यटक नगरी राजगीर में फुटपाथ दुक. ानदारों के रोजगार और पुनर्वास का मुद्दा गरमा गया है। विश्वशांति स्तूप के पास दशकों से दुकान लगाकर परिवार चला रहे दुकानदारों ने शुक्रवार को नालंदा फुटपाथ दुकानदार अधिकार मंच के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया। आरडीएच हाई स्कूल के समीप से निकला यह जुलूस बस स्टैंड, मेन बाजार और कुंडपर होते हुए वन विभाग के रेंज कार्यालय पहुंचा, जहां दुकानदारों ने पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। मंच के राज्य समन्वयक डॉ. अमित कुमार पासवान ने कहा कि विकास के नाम पर पारंपरिक रोजगार की अनदेखी से सैकड़ों परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। दुकानदारों ने झूला के समीप वेंडिंग जोन बनाकर पुनर्वास करने, पथ विक्रेता अधिनियम 2014 को प्रभावी ढंग से लागू करने और पर्यटकों द्वारा पानी की बोतल ले जाने पर लगी रोक हटाने की मांग की।



वहीं, संरक्षक उमराव प्रसाद निर्मल ने हेरिटेज मार्केट के रूप में विकास का प्रावधान लागू करने पर जोर दिया। प्रदर्शन के बाद सहायक वन संरक्षक सिम्मी प्रिया नैना और रेंजर श्याम कुमार पांडेय ने प्रतिनिधिमंडल से मिलकर मांगों पर जल्द समाधान का भरोसा दिया। दूसरी ओर, डीएफओ राजकुमार एम ने स्पष्ट किया कि वेंडिंग जोन की मांगों पर विचार किया जाएगा, लेकिन जंगलों और वन्यजीवों को प्लास्टिक के कचरे से बचाने के लिए पानी की बोतलों पर पाबंदी फिलहाल जारी रहेगी, जिसके लिए वैकल्पिक तौर पर सिक्योरिटी मनी का नियम बनाया गया है। प्रदर्शन में अध्यक्ष रमेश कुमार पान सहित अनीता गुप्ता, मनोज यादव, मदन बनारसी और सरोज देवी समेत बड़ी संख्या में दुक. ानदार शामिल रहे।

हिलसा में 14 जब्त वाहनों की हुई आम नीलामी

हिलसा (नालंदा) (आससे)। हिलसा अनुमंडल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत राजसात किए गए वाहनों की आपातकालीन आम नीलामी की प्रक्रिया आयोजित की गई। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल एवं अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार मौर्य उपस्थित रहे।अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने बताया कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 तथा संशोधित अधिनियम, 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत राजसात किए गए वाहनों की नीलामी कराई गई। हिलसा अनुमंडल के विभिन्न थानों में जब्त वाहनों को नीलामी में शामिल किया गया। कुल 14 वाहनों की नीलामी प्रक्रिया में पांच लोगों ने रुचि दिखाई। नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक लोगों ने अग्रिम राशि भी जमा की थी।नीलामी प्रक्रिया के दौरान पासवान अजय सम्राट को इस्लामपुर थाना से जब्त एक स्प्लेंडर और एक ग्लैमर बाइक मिली। वहीं, अरशद अली को हिलसा थाना से जब्त एक स्प्लेंडर और एक पल्सर बाइक मिली। विनय कुमार गुप्ता को हिलसा थाना से जब्त दो बाइक मिलीं। विशाल राज को इस्लामपुर थाना से जब्त एक स्प्लेंडर बाइक मिली।इसके अलावा, हिलसा थाना से जब्त दो अपाचे बाइक, दो टेंपो तथा चिकसौरा थाना से जब्त एक कार और दो बाइक भी नीलामी की प्रक्रिया में शामिल रहीं।नीलामी का उद्देश्य नियमानुसार राजसात किए गए वाहनों का निस्तारण करना है।

डकैती की योजना बनाते पांच बदमाशों को पुलिस ने हथियार के साथ दबोचा

हरनौत (नालंदा) (संसू)। हरनौत थाना क्षेत्र स्थित चेरन ओवरब्रिज के पास डकैती की योजना बना रहे पांच सक्रिय अपराधियों को पुलिस ने अवैध देशी लोडेड कट्टा, कारतूस और चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। 29 अक्टूबर 2026 की देर रात हरनौत थाना और जिला आसूचना इकाई नालंदा की संयुक्त छापेमारी में यह बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने इनके पास से 02 देशी कट्टा, 08 जिंदा कारतूस और रूपसपुर गांव में पिछले दिनों घरों में हुई चोरी के मोबाइल बरामद किए हैं। खास बात यह है कि ये सभी अपराधी पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं और नालंदा जिले के विभिन्न थानों में कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में मल्लू कुमार (पिता-रामवृक्ष केवट, निवासी-बिचली बाजार, हरनौत), पिंटू कुमार (पिता-स्व० बिंदा यादव, निवासी-रहुई), किशन सिंह (पिता-शिव सिंह, निवासी-रेवाड़ी, छपरा), मिथुन कुमार (पिता-बढ़न राम, निवासी-कल्याण बिगहा) और विशाल कुमार (पिता-विकास पासवान, निवासी-महथवर, कल्याण बिगहा) शामिल हैं। इन अपराधियों का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है, जिन पर हरनौत, कलकत्ता के सनकैल थाना (धुलगढ़ ओपी) और दीपनगर थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस छापामार दल में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, जिला आसूचना इकाई के आलोक कुमार, चंदन कुमार समेत कई अन्य पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे। पुलिस इस गिरोह में शामिल अन्य अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

पंडितपुर गोलीकांड में एक आरोपी गिरफ्तार

राजगीर (नालंदा) (आससे)। शहर के पंडितपुर गोलीकांड में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सोनू कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अभिजित कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि बुधवार को पंडितपुर में आपसी विवाद को लेकर एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया गया था।

घायल युवक की पहचान बबलू कुमार के पुत्र अमन कुमार उर्फ बिल्ला के रूप में हुई है। गोली लगने से घायल अमन का इलाज बिहारशरीफ सदर अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सोनू कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

प्रावि मुशहरी में एमडीएम में अनियमितता मामले में हेडमास्टर से स्पष्टीकरण

हरनौत (नालंदा) (संसू)। स्थानीय प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय मुशहरी में मध्याह्न भोजन योजना के संचालन में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। जांच के दौरान गंभीर गड़बड़ियां मिलने पर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मध्याह्न भोजन योजना के डीपीओ ने प्रधान शिक्षक को नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। बीते 16 अक्टूबर को प्रखंड साधन सेवी द्वारा विद्यालय की गई जांच रिपोर्ट के अनुसार, स्कूल में मध्याह्न भोजन का संचालन पूरी तरह से बंद पाया गया था। इसके बावजूद ई-शिक्षा पोर्टलश पर 50 बच्चों को भोजन खिलाए जाने की फर्जी रिपोर्ट दर्ज कर दी गई थी। हैरान करने वाली बात यह है कि विद्यालय में कुल 99 नामांकित बच्चों के मुकाबले मौके पर मात्र 14 बच्चे ही उपस्थित मिले, जबकि उपस्थिति पंजी में 50 बच्चों की हाजिरी दर्ज थी। एमडीएम संचालन पंजी में पिछले 6 दिनों की औसत उपस्थिति 54 दिखाई गई थी, जो वास्तविक स्थिति से काफी अधिक है। इसके अलावा, पंजी में अवशेष खाद्यान्न 1,320 किलो दर्ज था, जबकि भौतिक सत्यापन के दौरान मौके पर उससे 200 किलो अधिक खाद्यान्न पाया गया। डीपीओ ने हेडमास्टर को चेतावनी दी है कि वे दो दिनों के भीतर साक्ष्य सहित अपना जवाब दें, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

वारंटी गिरफ्तार

शेखपुरा (आससे)। टाउन थाना पुलिस ने छापेमारी कर घरेलू हिंसा एवं महिला प्रताड़ना मामले में एक वारंटी और शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए टाउन थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि कटरा चौक निवासी रित्वरण शर्मा के पुत्र अजय शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ वर्ष 2019 में घरेलू हिंसा और महिला प्रताड़ना से संबंधित मामला दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष के अनुसार, गिरफ्तार अजय शर्मा फिलहाल बिहारशरीफ में रह रहा था। वहीं, गिरफ्तारी के बाद अजय शर्मा ने अपनी पत्नी पर ही दूसरे व्यक्ति के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाया है। उसने खुद को साजिश के तहत फंसाए जाने की भी बात कही है। इसके अलावा पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक अन्य युवक को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस दीदी और अभया ब्रिगेड ने स्कूलों में चलाया जागरुकता अभियान

शेखपुरा (आससे)। छात्राओं की सुरक्षा और उन्हें विभिन्न अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस दीदी और अभया ब्रिगेड की टीम ने संयुक्त रूप से कई स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्राओं को घरेलू हिंसा, यौन शोषण, छेड़खानी और साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए गए।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी सुमन कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के आरडी कॉलेज, डीएम हाई स्कूल, मुरलीधर मुरारका बालिका उच्च विद्यालय और पचना विद्यालय में अभियान चलाया गया।

यहां पढ़ने वाली छात्राओं को स्कूल और कॉलेज आने-जाने के दौरान होने वाली छेड़खानी की घटनाओं से बचने तथा ऐसी स्थिति में तुरंत शिकायत करने के लिए जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान छात्राओं को बताया गया कि किसी भी तरह की परेशानी या विपरीत परिस्थिति में पुलिस की मदद लेने से पीछे नहीं हटें। इसके लिए जरूरी पुलिस नंबरों को अपने मोबाइल के स्पीड डायल में सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। साथ ही आपात स्थिति में डायल 112 पर फोन कर तुरंत पुलिस सहायता लेने की जानक. ारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं के साथ अपना संपर्क नंबर भी साझा किया, ताकि जरूरत पड़ने पर वे सीधे संपर्क कर सकें। इस मौके पर महिला पुलिसकर्मी अंजना कुमारी, कंचन कुमारी और शिवानी कुमारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहीं।

छात्र जदयू के नये पदाधिकारियों को विधायक रूहैल रंजन ने दी शुभकामना

बिहारशरीफ। जदयू छात्र प्रकोष्ठ के नवमनोनीत विश्वविद्यालयों एवं जिला-नगर अध्यक्षों की सूची जारी होने पर छात्र जदयू के प्रभारी एवं इस्लामपुर के विधायक रुहेल रंजन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उनके सफल और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास जताया कि सभी युवा साथी अपनी ऊर्जा, निष्ठा और संगठनात्मक क्षमता से छात्र संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।



विधायक रुहेल रंजन ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री सह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा तथा बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के अनुमोदन के उपरांत ही छात्र प्रकोष्ठ के इन नवमनोनीत पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। उन्होंने सभी नवनियुक्त अध्यक्षों से अपेक्षा जताई कि वे अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और जमीनी स्तर पर संगठन का व्यापक विस्तार करेंगे। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से आह्वान किया कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी और छात्र हितों के प्रति अटूट समर्पण से संगठन को निरंतर आगे बढ़ाने का काम करें।

हिलसा में एसडीओ एवं एसडीपीओ ने वाहन जांच अभियान चलाकर वसूला जुर्माना

हिलसा (नालंदा) (आससे)। शहर में एक अक्टूबर से लागू नई ट्रैफिक व्यवस्था को धरातल पर प्रभावी बनाने और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। इसमें थानाध्यक्ष चंद्रभानु सहित पुलिस के जवान शामिल रहे। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 26 वाहनों से कुल 21 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। यह अभियान शहर के खाखी चौक, काली स्थान, बरूणतल, हिलसा थाना के पास, सिनेमा मोड, ढनढन चौक, बिहारी रोड, स्टेशन रोड, योगीपुर मोड पर चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क पर यातायात बाधित करने, फुटपाथ पर अतिक्रमण करने और नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई की गई। टेंपो और बाइक समेत विभिन्न वाहनों की जांच की गयी। टोटो, मोटरसाइकिल पर ट्रिपल लोडिंग, हेलमेट नहीं पहनने और वाहनों के शीशों पर काली फिल्म लगाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गयी। इस दौरान हिलसा मद्य निषेध थाना के वाहन के शीशों पर काली फिल्म लगाने चलाने एक वाहन से फाइन बसूला गया।

दलहन एवं तिलहन विषय पर दिया गया प्रशिक्षण

करायपरशुराय (नालंदा) (संसू)। करायपरसुराय प्रखंड कृषि कार्यालय के सभागार भवन में शुक्रवार को दलहन एवं तेलहन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका संच. ालन बीएओ निधि प्रिया द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी निधि प्रिया ने बीज वितरण, कृषि यंत्रीकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फार्मर रजिस्ट्री, समेत कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी देते हुए इसका लाभ उठाने के लिए किसानों को प्रेरित किया। कृषकों को दलहनी तथा तेलहनी फसलों की वैज्ञानिक खेती उन्नत बीजों के उपयोग, फसल प्रबंधन तथा उत्पादन बढ़ाने की तकनीकी जानकारी दी गई। इस मौके पर किसान सलाहकार निर्मला कुमारी, कृषि समन्वयक सतानंद कुमार वर्मा, कृषि सखी मधु कुमारी सिंहा, आरती कुमारी समेत क्षेत्र के किसानों की मौजूदगी थी।

लक्ष्मी महायज्ञ में भक्तों की भीड़

एकंगरसराय (नालंदा) (आससे)। तेल्हाड़ा सूर्य मंदिर प्रांगण में श्री श्री 108 लक्ष्मी महायज्ञ के दूसरे दिन अहले सुबह से भक्त-श्रद्धालु नर-नारियों ने यज्ञ स्थल पहुंचकर वेदी की परिक्रमा की। तेल्हाड़ा सूर्य मंदिर तालाब के चारों तरफ देवी-देवता स्थापित हैं। दक्षिण में संतोषी माता का मंदिर है, उत्तर में अष्टभुजी स्थान, पूर्व में शंकर-पार्वती, पूर्व में भगवान भास्कर का मंदिर है। उसके बगल में बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित है। यज्ञ के प्रवचनकर्ता श्री श्री 108 मधुसूदनाचार्य जी महाराज द्वारा प्रवचन प्रारंभ होने से पहले कतारबद्ध होकर लोगों ने सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। संपूर्ण तेल्हाड़ा वासियों के सहयोग से आयोजित भव्य-दिव्य चातुर्मास व्रतानुष्ठान श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के दूसरे दिन भी भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। इस कार्य में समाजसेवी राज. कुमार बोकाड़िया, सुरेश सरपंच सहित संपूर्ण बाजारवासियों का सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर भीड़ को देखते हुए जगह-जगह पुलिस बल तैनात की गई है।

कवर तार की मांग को लेकर हुसैनचक गांव के ग्रामीणों ने सड़क पर किया प्रदर्शन

हरनौत (नालंदा) (संसू)। स्थानीय प्रखंड के गोनावां पंचायत के हुसैनचक गांव में बिजली की जर्जर व्यवस्था, अघोषित कटौती और लटकते तारों से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।

हुसैनचक गांव के राजू बिंद, अवधेश पासवान, सूरजमणि, रश्मि, पुतुल, परमानंद, नीतीश आदि आक्रोशित ग्रामीणों ने गोनावां-निजाय रोड पर सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा लगाए गए खुले और जर्जर बिजली तारों से आए दिन हादसे का डर बना रहता है। कवर वायर लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय पर भी विरोध प्रदर्शन करने की बात कही है। महिलाओं और बुजुर्गों ने कहा कि कई बार आवेदन देने के बाद भी विभाग ने कोई सुनवाई नहीं की। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि जल्द से जल्द गांव के सभी पोल पर कवर तार लगाया जाए और जर्जर तार बदले जाएं।

वहीं इस संबंध में हरनौत बिजली आपूर्ति प्रशाखा के कनीय अभियंता (जेई) मनीष कुमार ने कहा कि जर्जर तार को जल्द बदला जाएगा। फिलहाल टूटे हुए तार को बदलकर बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी गई है।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद।
(E-mail:- shlcdaurangabad@gmail.com)
बिहार सरकार

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 1178 दिनांक 14.10.2026 द्वारा निर्गत अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02/2026-27 जिसका PR No. 013920(WRD) 2026-27 में आंशिक संसोधन किया जाता है, जो निम्न प्रकार हैं–

1. क्र0 सं0 20, 21 एवं 31 को विलोपित समझा जाय।
2. क्र0 सं0 01 में दर्ज कार्य के समाप्ति का समय **माह मार्च 2027 के पूर्व** के स्थान पर **माह मार्च 2027** समझा जाए।
3. जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 686 दिनांक 19.08.2014 एवं पत्रांक 200 दिनांक 14.03.2016 के अनुरूप दस्तावेज देना अनिवार्य होगा। जो निम्नवत् हैं–

(i) निम्न आशय का शपथ–पत्र (निविदा निर्गत करने की तिथि के बाद का निर्गत) अपलोड करना अनिवार्य हैं। जो इस प्रकार है–
"I the undersigned, do hereby certify that all the statement made in the required attachments are true and correct and if found fake/forged, the undersigned will be liable for infliction upon the F.I.R. and lawful punishment as well as black listing."
(ii) Availability of Key Personnel प्रमाण–पत्र/शपथ–पत्र।
(iii) Availability of key Equipment (Either owned or Leased or by Procurement) प्रमाण–पत्र।
(iv) Similar Nature of work(minimum 10% of Estimated Amount) Minimum one similar work का कार्यपालक अभियंता से निर्गत प्रमाण–पत्र।

शेष सभी नियम एवं शर्त्ते पूर्ववत् रहेगी। निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(ई0 नवल किशोर कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल,औरंगाबाद।

PR- 014444 (W R D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

Govt. of Bihar
BIHAR RAJYA BEEJ NIGAM LIMITED
(A Govt. of Bihar Undertaking)
An IS/ISO 9001:2015; IS/ISO 14001:2015; IS/ISO 37001:2016 Certified Company
3rd Floor, Krishi Bhawan, Mithapur, Patna-800001 (BIHAR)
Telephone: 0612 2547066 website: brbn.bihar.gov.in e-mail: brbn.bih.mail@gmail.com
CIN : U01111BR1977SGC 001294

NOTICE INVITING TENDER- Processing- 01/2026-27
Through e-Procurement mode only over https://Eproc-2.bihar.gov.in/Beltron

Bihar Rajya Beej Nigam Ltd. invites under two bid systems from Reputed/Authorized Labour contractor for handling and processing of Raw seed approx 3.00 Lakh (Three lakh) Quintal annually.

1. Date of Downloading of Tender Document- **From 29.10.2026 to 20.11.2026**
2. Date of Pre-bid meeting on **05.11.2026 at 3:00 PM** (Tenderers may present in meeting for any queries/discussion at Bihar Rajya Beej Nigam Limited Patna).
3. Date of Submission/Uploading of Tender- U**pto 20.11.2026 at 3:00 PM**
4. Date & Time for opening of Technical Bid- **20.11.2026 at 5:00 PM**
5. Contact Person/Nodal Officer for queries- Name- Sri Rabindra Kumar Verma, Chief of Processing, Mob-9431266889
6. Financial Bid opening date - To be notified after technical bid.
7. Validity of Tender-01 (one) Year.

For details, please visit the website:-
8. **brbn.bihar.gov.in**
9. https://state.bihar.gov.in/main/CitizenHome.html
10. **https://eproc2.bihar.gov.in**

Managing Director
Bihar Rajya Beej Nigam Ltd

PR- 014504 (B & C) 2026-27
For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
समाहरणालय, सहरसा
(जिला नजारत शाखा)
Email ID:- zilanazaratsaharsa@gmail.com
–:: अल्पकालीन निविदा ::–
श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव–2026 के आयोजन से संबंधित निविदा

दिनांक 19, 20 एवं 21 नवम्बर–2026 को राजकमल क्रीड़ा मैदान, महिषी, सहरसा में आयोजित श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव, महिषी, सहरसा के अवसर पर टेन्ट, पंडाल, शामियाना, जेनरेटर सेट एवं अन्य विद्युत सामग्रियों को भाड़े पर लेने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों के लिए इच्छुक GST/निबंधित प्रतिष्ठान एवं अनुभवी आपूर्तिकर्ता से जिलाधिकारी, सहरसा को संबोधित दो अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित शर्तों पर दिनांक– 07.11.2026 के अपराह्न 02.00 बजे दिन तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07.11.2026 को अपराह्न 03.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोली जायेगी। निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उक्त अवसर पर अवश्य उपस्थित रहेंगें। सामग्रियों/सेवाओं का सूची निम्न प्रकार से है:–

Section- A
For logistic items/Services for cultural program & Seminar (At Mahishi village Raj Kamal playground) Date 19 to 21 Nov. 2026 (03 दिवसीय)
Section- B. (Date 19 to 21Nov. 2026)
1.विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिए जिला नजारत शाखा, सहरसा/जिला के वेवसाईट https://saharsa.nic.in पर उपलब्ध है।
विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

जिलाधिकारी,
सहरसा।
PR- 014553 (District) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
कार्यालय का नाम– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, चौसा।
निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)
NIT No- 05/2026-27
निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप (Eproc-2.0 के माध्यम से)
मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप ₹ 25.00 लाख से 70.00 लाख तक की राशि के कार्यो के लिए (डबल बीड पद्धति)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, चौसा।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि – दिनांक– 26/10/2026
3. संवेदक द्वारा निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि – दिनांक– 08/11/2026 को समय –11:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान – दिनांक– 12/11/2026 को समय –11:00 से 14:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न, सभाकक्ष, नगर पंचायत, चौसा।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि – दिनांक– 17/11/2026 समय– 05:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि – दिनांक– 19/11/2026 समय– 03:00 बजे
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि – तकनीकी बीड में सफल होने के उपरांत
8. **कार्य की विवरणी–**

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू. में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website: - www.Eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) Website: - www.Eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	नगर पंचायत चौसा अन्तर्गत (1) बक्सर–सासाराम मुख्य पथ से मेराज रजक के घर तक पी0सी0सी0 निर्माण कार्य (2) बक्सर–सासाराम मुख्य पथ से मेराज रजक के घर होते हुए संतोष माली के घर तक आर0सी0सी0 नाली सह स्लैब निर्माण कार्य।	29,37,900.00	58,800.00	5000.00	As per eproc 2.0	03 (Three) Month
2	नगर पंचायत चौसा कार्यालय के सामने बक्सर चौसा मार्ग पर सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य।	49,46,600.00	93,000.00	5000.00	As per eproc 2.0	03 (Three) Month
3	नगर पंचायत चौसा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड सं0–14 में न्यायीपुर में बैजनाथ राम के घर से मीरा देवी, चन्द्रमा राम के घर से गाँधी राम के घर होते हुए जर्नार्दन राम के घर तक, रामजस राम के घर से बेचु राम, व्यास जी राम, मुनी राम के घर होते हुए सनोज गोड़ के घर तक एवं अमीरचन्द अरुण मास्टर के घर तक एवं अन्य गलियों का नाली एवं पी0सी0सी0 निर्माण कार्य।	46,35,900.00	92,800.00	5000.00	As per eproc 2.0	03 (Three) Month

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee through Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in
09. निविदा की वैद्यता अवधि : **120** दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)
10. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा **state.bihar.gov.in/prdbihar** मे देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, चौसा।
PR- 014462 (B & C) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
भोजपुर समाहरणालय, आरा
(जिला विधि प्रशाखा)
आवेदन आमंत्रण सूचना

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा सी0डब्लू0जे0सी0नं0–19276/2019 (क्रिमी0 मिस0 नं0–28530/2019 में पारित आदेश दिनांक–21.08.2019 से उद्धभूत) में दिनांक–15.05.2026 को पारित आदेश एवं सरकार के संयुक्त सचिव, विधि विभाग, बिहार पटना के पत्रांक–5913 दिनांक–23.07.2026 के आलोक में उत्पाद न्यायालय के संचालन हेतु निजी भवन को किराये पर लेने की आवश्यकता है। मुख्य वास्तुविद, भवन निर्माण, विभाग, बिहार पटना द्वारा अनुमोदित वास्तुविदीय नक्शे के समरूप कोर्ट भवन होना ऐच्छिक है, जो निम्न प्रकार है:–

- Building Area Required - 100' x 50'
- Floor Required - G+2
- Ground Floor - Parking with Guard Room
- 1st Floor - 3BHK
  a. Hall Size- 50'X30'
  b. Room Size- 16'x16'
  c. Room Size- 30'x20'
  d. Room Size- 16'x16'
  e. Toilet (Male, Female, Transgender & PH)
- 2nd Floor - Same as 1st Floor

निविदा की विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला पदाधिकारी,
भोजपुर, आरा।
PR- 014495 (District) 2026-27
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।